हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025




**खबर संक्षेप**

### जितेन्द्र डोंगरगांव के नए थाना प्रभारी

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक आदेश जारी कर जिले के पांच निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा डोंगरगढ़ से थाना प्रभारी डोंगरगांव, उपेन्द्र कुमार शाह बोरतालाब से थाना प्रभारी डोंगरगढ़, अवनीश कुमार श्रीवास डोंगरगांव से थाना प्रभारी बोरतालाब, उमेश कुमार बघेल चिखली से थाना प्रभारी गैंदाटोला, अरूण कुमार नामदेव गैंदाटोला से चौकी प्रभारी चिखली स्थानांतरित किया गया है।

# पौने दो लाख हेक्टेयर में होगी धान की फसल, अब तक 84 हजार में बोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश में धान की फसल लेने के मामले में राजनांदगांव जिला टॉप पर रहता है। जिले में हर साल रिकार्ड मात्रा में धान की खेती हो रही है। इस बार भी राजनांदगांव जिले में लगभग पौने दो लाख हेक्टेयर रकबे में धान की फसल होनी है। शुरूआती बारिश के दौर में अब तक 84 हजार हेक्टेयर में बोनी की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इस बार पिछले साल के मुकाबले 55 फीसदी तक अधिक धान की पैदावार हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में साय सरकार बनने के बाद से ही किसानों को धान की बेहतर कीमत मिल रही है। धान की खरीदी दर 3100 रुपए प्रति क्विंटल तय होने से किसानों में काफी उत्साह है। सरकार के इस निर्णय से खेती फिर से लाभ का सौदा बनने लगी है। जिससे न केवल राजनांदगांव में, बल्कि पूरे प्रदेश में किसानों का खेती की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार खरीफ सीजन में अच्छी बारिश के आसार हैं। जिससे धान की पैदावार बेहतर होगी और अनुमान के मुताबिक उत्पादन 10-15 फीसद तक अधिक हो सकता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अंचल में अधिकांश इलाकों में प्रति एकड़ औसतन 18 से 20 क्विंटल धान का उत्पादन होता है।


⏩ शेष पेज 13 पर


## मानसून के इंतजार में किसान, खेती पिछड़ने का सताने लगा डर

### 184400 हेक्टेयर में खेती

जिले में किसानों द्वारा इस साल 184400 हेक्टेयर रकबे में खेती की जा रही है। जिसमें से 172600 हेक्टेयर में धान की फसल लिए जाने का टारगेट है। वहीं मक्का, कोदो जैसे मोटे अनाज लगभग 3720 हेक्टेयर में लिए जा रहे हैं। 1295 हेक्टेयर में दलहन एवं 3340 हेक्टेयर में तिलहन फसल ली जाएगी। अब तक जिले में जहां 21013 हेक्टेयर में बोनी कार्य पूरा कर लिया गया है। इनमें 20913 हेक्टेयर धान का है।



### चार माह में होगी 1257 मिमी बारिश

धान की खेती करने हर एकड़ के लिए लाखों लीटर पानी की आवश्यकता होती है। बारिश का मौसम सामान्य से कमजोर रहने पर किसानों की फसल को काफी नुकसान होता है, लेकिन इस बार मौसम विभाग के अनुसार मानसून सामान्य से बेहतर रहने वाला है। विभाग के अनुसार मानसून के चार महीने में जिले के भीतर लगभग 1257 मिमी बारिश की संभावना है। इसमें अब तक 51 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियों में तेजी आने से बोनी की प्रतिशत भी बढ़ेगा।

## सुशासन तिहार में खुली पोल, लेनदेन के चक्कर में प्रकरण लंबित

# मिल रही सिर्फ तारीखः तीन जिलों में नामांतरण के 9 हजार प्रकरण अटके

*“ प्रदेश में राजस्व महकमे की शिकायतों का अंत नहीं हो रहा है। सुशासन तिहार के तहत भी सैकड़ों शिकायतें लोगों ने राजस्व महकमे के खिलाफ की है। राजस्व महकमे में जमे अफसर एवं कर्मचारी बिना रिश्वत लिए काम ही नहीं कर रहे हैं। आलम यह है कि अविवादत मामलों को भी तीन से चार महीने तक लंबित रखा जा रहा है। ”*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार के तहत सामने आए आंकड़ों पर नजर डाले तो अविभाजित जिले में ऐसे लगभग नौ हजार अविवादित नामांतरण के प्रकरण है, जो लंबित पड़े हुए हैं।एक तरफ प्रदेश की साय सरकार लोगों को सहुलियत उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर तहसील दफ्तर में पदस्थ अफसर और कर्मचारी सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

जबकि पिछले दिनों सुशासन तिहार के तहत जिले के दौरे पर पहुंचे सीएम सहित प्रभारी मंत्री ने साफतौर पर निर्देश दिए हैं कि तहसील में किसी भी काम के लिए रिश्वत ना ली जाए। इसके बावजूद जिला मुखालय में ही तहसील के किसी भी काम के लिए बिना रिश्वत लिए फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। हालात यह है कि अविवादित नामांतरण के प्रकरण को भी रिश्वत नहीं मिलने के चलते अलग-अलग कारण बताकर तीन महीने तक लंबित कर दिया जा रहा है। ऐसे में अपने काम को पूरा कराने के लिए पक्षकारों को मजबूरन रिश्वत देनी पड़ रही है। तहसील में जमे अफसर और कर्मचारियों के इस कृत्य की अब शासन स्तर पर शिकायत की भी तैयारी कर ली गई है।



### नांदगांव में सर्वाधिक प्रकरण लंबित

आंकड़ों पर नजर डाले तो सर्वाधिक प्रकरण राजनांदगांव में लंबित है। राजनांदगांव जिले में अविवादित नामांतरण के 5135, अविवादित खाता विभाजन के 900 प्रकरण लंबित है। खैरागढ़ जिले में अविवादित नामांतरण के 2121 और अविवादित खाता विभाजन के 322 प्रकरण लंबित है। मोहला-मानपुर जिले में अविवादित नामांतरण के 902 एवं अविवादित खाता विभाजन के 238 प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं।

### हर काम का रेट तय, पैसे दो काम करवाओ

तहसील में लूटमार की यह स्थिति है कि ऋण पुस्तिका बनाने से लेकर नामांतरण, बंटवारा सहित सभी काम के लिए रिश्वत का फिक्स रेट है। पक्षकारों द्वारा जितनी जल्दी रिश्वत की राशि दी जाती है, उनका काम उतनी ही जल्द कर दिया जाता है। रिश्वत नहीं देने वाले लोगों का काम अटका दिया जाता है। राजस्व महकमे का हर कर्मचारी और अफसर इस स्थिति को जानता है, लेकिन बावजूद इसके किसी ने भी इस प्रथा को रोकने का काम नहीं किया है।

### बिना अनुमति रख लिए असिस्टेंट

राजस्व महकमे में दो नंबरी आमदनी का ऐसा बोल बाला है कि यहां अपने ही पैसे से पटवारियों ने सहायक तक रख लिए हैं। सरकारी सेटअप के अनुसार उन्हें सहायक नहीं दिया जाता है, लेकिन रिश्वत की डील करने सहित सीमांकन जैसे कामों में मदद के लिए अपने ही खर्च पर सहायक रखे गए हैं। उतना ही नहीं तहसील कार्यालयों में दलालों का कब्जा हो गया। ये दलाल पैसे लेकर हर काम जल्द करवाने का दावा भी करते हैं।

# रॉयल्टी क्लीयरेंस में अटक रहे बिल, ठेकेदारों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के निर्माण कार्यों में रॉयल्टी कटौती की समस्या को लेकर जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा नगर निगम कार्यालय पहुंचकर खनिज विभाग की जगह नगर निगम में ही रॉयल्टी क्लीयरेंस किए जाने की मांग की है। लगभग डेढ़ दर्जन ठेकेदारों ने नगर निगम में ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के निदान की मांग रखी है।

नगर निगम के निर्माण कार्यों में खनिज रॉयल्टी क्लीयरेंस नहीं होने की वजह से ठेकेदारों के बिल पास नहीं हो पा रहे हैं। जिसके चलते ठेकेदारों को आर्थिक समस्याएं भी हो रही है। जिले में रेत खदानें स्वीकृत नहीं होने पर ठेकेदारों को धमतरी जिले से रॉयल्टी क्लीयरेंस करने में काफी समय लग रहा है। रॉयल्टी क्लीयरेंस की समस्या से जूझ रहे ठेकेदारों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम में ही रॉयल्टी कटौती करने की गुहार लगाई है।


⏩ शेष पेज 13 पर




### बिना रॉयल्टी नहीं हो रहा बिल पास

नगरीय निकायों के निर्माण कार्यों में रॉयल्टी क्लीयरेंस खनिज विभाग से प्राप्त होने पर ही निर्माण कार्य पूर्ण माना जाता है और इसके बाद ही ठेकेदार को अंतिम भुगतान किया जाता है। निगम ठेकेदारों ने कहा कि रॉयल्टी क्लीयरेंस खनिज विभाग से कराए जाने की प्रक्रिया काफी जटिल और खर्चीली है। वहीं प्रकिया पूरी करने में समयावधि भी अधिक लगती है। जबकि अन्य विभागों में रॉयल्टी कटौती विभाग द्वारा ही की जाती है।

### रॉयल्टी क्लीयरेंस जटिल प्रक्रिया

अपने ज्ञापन के माध्यम से ठेकेदारों ने कहा है कि रॉयल्टी क्लीयरेंस की जटील और लंबी प्रक्रिया से राहत प्रदान करते हुए नगर निगम में ही रॉयल्टी कटौती प्रारंभ की जाए। कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंगी ने बताया कि ऐसा पूर्व में होता था। विभाग कटौती कर एकमुश्त रॉयल्टी खनिज विभाग में जमा करा देता था। इस प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने से निर्माण कार्य भी समयावधि में पूर्ण होंगे।

### खदान स्वीकृत करने की मांग

कांट्रेक्टर एसोसिएशन के सचिव आलोक बिंदल ने बताया कि जिले में रेत और मुरूम की लीज नहीं होने की वजह से रॉयल्टी समस्या हो रही है। रॉयल्टी क्लीयरेंस माइनिंग विभाग से लेना पड़ता है। जिसमें काफी समय लगता है। वहीं रेत चारामा-धमतरी से आ रही है। जिसकी रॉयल्टी क्लीयरेंस करने धमतरी जाना पड़ता है। जिसकी वजह से बिल फाइनल नहीं हो पता है और ठेकेदार के लाखों रुपए जाम रहते हैं। उन्होंने मांग करते कहा है कि जिले में रेत खदानें चालू हो, ताकि कम दर पर रेत उपलब्ध हो सके।

# पुलिस की अटल आवास में दबिश गांजा सहित चाकू-तलवार बरामद

■ चार सौ से अधिक घरों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस टीम ने शहर के अटल आवास पेंड्री में दबिश दी। यहां लगभग 400 से अधिक घरों को चेक किया गया। इस दौरान 3 चाकू, 1 तलवार एवं एक आरोपी से गांजा बरामद किया गया। पुलिस की इस दबिश से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है।

चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा संदिग्धों की जांच पड़ताल अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस टीम ने थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अटल आवास पेंड्री के आवासीय परिसर में जाकर वहां स्थित 400 से अधिक घरों को चेक किया एवं उनमे रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई।

इस अभियान में टीआई एमन साहू, निरीक्षक उमेश बघेल, शंकरगिरी गोस्वामी, दिलीप पटेल, संतोष ठाकुर, अजय खेस सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।



### आधार कार्ड, पेनकार्ड की जांच

वहां रह रहे मकान मालिकों, किरायेदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रवी तत्वों की भी चेकिंग की गई। इस दौरान 1.099 किलोग्राम अवैध निशीला पदार्थ गांजा एवं 1 नग डिजिटल तराजू मिलने पर आरोपी सुनील मरकाम पिता भरत मरकाम 27 साल निवासी अटल आवास पेंड्री ब्लॉक नं.12 मकान नं. 7 के विरूद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अन्य आरोपियों के पास से 3 धारदार चाकू एवं 1 तलवार मिलने पर सभी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में कॉबिंग गश्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

### दो युवकों से 81 पौवा शराब बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने दो आरोपियों से 81 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 जून को मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली राजनांदगांव स्टॉफ द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर घटनास्थल राहुल नगर देवारपारा में आरोपी दिपेश ढीमर 25 वर्ष साकिन पुराना गंज चौक के कब्जे से 41 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3280 रुपए एवं घटनास्थल बस स्टैंड के पीछे यात्री प्रतिक्षालय के सामने आरोपी मनीष मरकाम 21 वर्ष साकिन राहुल नगर देवारपारा के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3200 रुपए कुल 81 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा कीमती 6480 रुपए को जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## बाजे-गाजे और भजनों से गूंजेगा शहर

# रथ में सवार होकर निकलेंगे ‘नाथ’

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रद्वा भक्ति के साथ कल शुक्रवार को शहर में भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी मंदिरों में व्यापक तैयारियां की गई है। इस मौके पर बाजे-गाजे के साथ ही भजन व बाजे-गाजे का माहौल रहेगा। भगवान के रथ को खींचने बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी।

ज्ञात हो कि श्री जगन्नाथ रथयात्रा पर शहर में भव्य रूप से आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में भक्त रथयात्रा में पूजा-अर्चना में शामिल होकर मनोकामना पूर्ण करेंगे। वहीं रथ खींचकर पुण्य लाभ कमाएंगे।



### भक्त खीचेंगे रथ

तत्पश्चात दोपहर ढाई बजे से रथ की रस्सी को खींचकर भक्त रथयात्रा प्रारंभ करेंगे। इस दौरान भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। रथयात्रा नगर भ्रमण करते जूनीहटरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान जगन्नाथ, बडे भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक विराजेंगे। इस दौरान भक्तिभाव का माहौल निर्मित रहेगा। रथयात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे।

### प्रभातनगर से भी निकलेगी रथयात्रा

इधर प्रभातनगर स्थित जगन्नाथ मंदिर से हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शहर में निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे से निकलने वाले इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से संबलपुरी बाजा एवं नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। यात्रा के समापन पश्चात शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया है।

### भव्य रथ का निर्माण

गांधी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में भव्य रथ का निर्माण किया गया है। 27 जून शुक्रवार को सुबह 8 बजे से भगवान जगन्नाथ, बडे भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार व पूजन किया जाएगा। भंडारा प्रसादी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शोभायात्रा प्रारंभ करने के पूर्व दोपहर 2 बजे से भगवान जगन्नाथ, बडे भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को रथ में विराजित किया जाएगा।











आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर

आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)

9827143060

Ajay Advt.

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ रथ यात्रा आज



**सड़क अतरिया।** ग्राम में कल शुक्रवार को जगन्नाथ रथ यात्रा उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना का आयोजन रखा गया है। हर साल की तरह भगवान की रथ यात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों, जन कीर्तन के साथ निकल कर गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। यहां प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### गड़रिया महासंघ मिला पूर्व सीएम बघेल से

**गंडई पंडरिया।** सर्व गड़रिया महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव अजय हंसा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान समाज के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।प्रतिनिधि मंडल में अजय हंसा के साथ मिलन धनकर, गोविंद धनकर, पुरुषोत्तम पाल, जय कुमार धनगर, दिलीप हंस, राहुल धनगर, संतोष धनगर, खुमान धनकर, चेतन पाली और विनोद पाली शामि थे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद पाली और निरंजनलाल धनकर ने दी।



### भाजपाइयों ने की आपातकाल की निंदा

**सड़क अतरिया।** भाजपा मंडल साल्हेवारा में बुधवार को आपातकाल के काले दिनों को याद किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। इस संबंध में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता टीके चंदेल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शत्रुघन साहू, जिला प्रतिनिधि निजाम मंडावी, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, प्रहलाद मरकाम, महेंद्र यादव, विष्णु ठाकरे, साहेब पटेल, बिरझू पटेल, संतोष पांचे, बनस साहू, नन्हे पटेल, तेजूराम, श्री यादव, चमन वर्मा, सतीश वर्मा, उमेश मरकाम आदि शामिल हुए।



### बारिश से पहले धान की रोपाई

**सड़क अतरिया।** बीते सप्ताह हल्की बारिश होने के बाद कइ किसान बोआई कर चुके है किन्तु अब उन्हे बीज अंकुरण की चिंता सताने लगी है। वही कुछ गांव के साधन संपन्न किसानों ने बारिश से पहले ही धान की रोपाई करना शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि हर साल आषाढ़ के पहला पखवाड़ा तक बेहतर बारिश हो जाती थी जिसे देखते हुए आषाढ़ से पहले बीज का रोपण कर दिया था। उन्होंने बताया कि पौधा तैयार होने के 20 से 25 दिन के अंदर खेतों में रोपण करने से बेहतर उपज होती है जिसे ध्यान में रखकर जिन किसानों का पौधे तैयार तथा सिंचाई के साधन उपलब्ध है वह रोपाई शुरू कर चुके है। तापमान की अधिकता तथा बारिश नहीं होने से उन्हे चिंता सताने लगी है।



### मकान से टकराई स्कॉर्पियो

**गंडई पंडरिया।** गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक स्कॉर्पियो वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए एक मकान में टक्कर मार दी, जिससे मानव जीवन खतरे में आ गया था। इस घटना में मकान के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा है। कोटवार अगमदास मानिकपुरी ने गंडई थाना में दिया कि 24 जून को स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 07 एमबी 1744 के चालक वेदप्रकाश वर्मा पिता खेमलाल वर्मा निवासी चोरभट्ठी ने लिमो के लालपुर रोड पर स्थित गंगाधर निर्मलकर के मकान को पीछे से टक्कर मार दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक रिपोर्ट दर्ज किया। आरोपी वेद प्रकाश वर्मा के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना जारी है। कोटवार मानिकपुरी ने बताया कि आरोपी ने गाड़ी को काफी तेज और लापरवाही से चला रहा था। गाड़ी सीधे मकान से टकरा गई, जिससे वहां मौजूद लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया था।



### सीसी रोड का भूमिपूजन

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत जीराटोला के आश्रित ग्राम बगदुर में गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार के आतिथ्य में सीसी रोड का भूमिपूजन तथा स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर श्री ताम्रकार ने कहा कि भाजपा सरकार वनांचल से मैदानी इलाके के गांव में मुलभुत सुविधा का विस्तार कर रही है। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को बताकर ग्रामीणों को लाभ लेने प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, अंजु जंघेल, बोधन मेरावी, देवलाल साहू, कुमार पाल, केसलाल मंडावी, सुरेश पटेल, भुनेश्वर सेन, जयप्रकाश मस्करे, धनराज पटेल, राजकुमार पटेल, शिव पटेल, ओमनारायण पटेल, रमेश यादव, कमला पटेल, गनपत पटेल, राधेलाल जंघेल, जेठूराम, हीरालाल पटेल, हरिलाल पटेल, जैनलाल पटेल, तेजनाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे। इस मौके पर खम्हन ताम्रकार एवं अतिथियों ने स्कूल परिसर में फल, छायादार तथा औषधि पौधों का रोपण किया।



स्वीकृति के बाद सर्वे भी पूरा हो चुका

# कागजों में सिमटकर रह गई डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन

## निर्माण से क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ से कटघोरा तक प्रस्तावित रेल लाइन कागजों में सिमट गई है। सात साल पहले छह अक्टूबर 2018 को कवर्धा के स्टेडियम से रेलमंत्री ने इस रेल परियोजना की नींव रखी थी। बीते आठ साल में यह परियोजना पूरी नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़-कटघोरा के बीच 295 किमी की रेल लाइन बिछना है। इस कार्य में 4821 करोड़ रुपए खर्च होना है। रेल लाईन का सर्वे भी हो गया है किन्तु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है। नवंबर 2024 में भूमि अधिग्रहण की सूचना जारी की गई थी जिसके बाद प्रभावित किसानों ने नए सिरे से सर्वे करने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था।



### 27 स्टेशन प्रस्तावित

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन पर 27 स्टेशन होंगे। इस रूट पर डोंगरगढ़ के बाद बेलगांव, घोघेडबरी, प्रकाशपुर, खैरागढ़, छुईखदान, मुरई, गंडई, जंगलपुर, धनगांव, धनेली, कवर्धा, बोरबुली, सोमनापुर, कंवलपुर, मुंगेली, कोसमा, तखतपुर, खम्हरिया, गनियारी, लामेर, रतनपुर, नेवसा, बेलतरा, करतला, जमानीमुड़ा और कटघोरा में रेलवे स्टेशन बनना प्रस्तावित है। गांवों से रेल लाइन गुजरने के साथ ही ट्रांसपोर्टिंग भी आसान होगी। उल्लेखनीय है कि खैरागढ़ एवं कवर्धा के लोगों को रेल सफर करने के लिए राजनांदगांव-दुर्ग आना पड़ता है। क्षेत्रवासी लंबे समय से नई रेल लाईन के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं किन्तु जिम्मेदार यह नहीं बता पा रहे हैं कि रेल लाईन का निर्माण कार्य कब शुरू होगा।

### बढ़ गई लागत

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बीते आठ साल में डोंगरगढ़-कवर्धा- कटघोरा रेल लाइन परियोजना की लागत 2126 करोड़ बढ़ गई है। इस रेल लाईन के बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे साथ ही विकास में तेजी आने की संभावना है। नई रेल लाइन से नए उद्योगों और व्यवसायों को भी काफी लाभ होगा। क्षेत्र के व्यवसायियों को अपने उत्पादों को तेजी से बाहर पहुंचाने में मदद मिलेगी। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को भी आवागमन की नई सुविधा मिलेगी किन्तु इस मसले पर जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों ने चुप्पी साध रखा है।

## पकड़ में आए मुरूम खनन में लिप्त 5 वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- सरकारी बांध से खनन कर रहे थे मुरूम
- 3 हाईवा भी हुए जब्त

तहसीलदार ने बुधवार को अवैध मुरुम खनन में लिप्त दो जेसीबी और तीन हाईवा जब्त किया। ग्राम पंचायत चारभांठा के सरकारी बांध और ग्राम पंचायत मासूल की क्रृषि भूमि से बिना लीज के मुरम खनन किया जा रहा था। इस आशय की शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार रमेश ठाकुर, नायब तहसीलदार रामलखन चौहान ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर खनन बंद कराया और खनन तथा परिवहन में लगे वाहनों को जब्त किया।

### पुलिस के हवाले वाहन

नायब तहसीलदार श्री चौहान ने बताया कि चारभांठा से हाईवा क्रमांक सीजी 08 एई 8569, जेसीबी सीजी 08 एजे 8734, हाईवा सीजी 07 सीए 9145, मासूल से जेसीबी सीजी 08 एवाय 9187 और हाईवा क्रमांक सीजी 04 जेडी 6687 जब्त किया गया है। वाहनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया। आगे की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन एसडीएम खेमलाल वर्मा को भेजा जा रहा है।

## 11 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य



- आईटीबीपी और वन विभाग की संयुक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

मोहला मानपुर वन विभाग एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सीजन में 11,001 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल एवं वन विभाग ने ग्राम महका के आसपास के क्षेत्र में एक पेड़ माँ के नाम एवं धरतीआबा जन भागीदारी अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया जा रहा है। वन विभाग, ग्रामीणों एवं आईटीबीपी के जवानों ने गत दिनों फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर डीएफओ दिनेश पटेल, कमांडेट विवेक पांडेय, सहायक कमाडेंट अनिल तिवारी, रेंजर बीआर ठाकुर,अयुब शेख, केके यादव आदि उपस्थित थे।

## 40 फीसदी उपभोक्ता नहीं ले पाए हैं राशन

### कांग्रेस ने की तिथि बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत चालू माह में उपभोक्ताओं को तीन माह का राशन दिया जा रहा है। प्रारंभिक दिनों में तकनीकी कारणों और प्रक्रिया के पेचीदा होने के कारण वितरण में काफी विलंब हुआ है। अगले तीन दिनों में शत प्रतिशत उपभोक्ताओं को राशन मिलना मुश्किल दिखाई दे रहा है जिसे देखते हुए वितरण की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग उठ रही है।



जानकारी के अनुसार निकाय क्षेत्र में संचालित 3 दुकानों में अंत्योदय, प्राथमिकता, एपीएल, निःशक्त और निराश्रित श्रेणी के कुल 4505 उपभोक्ता है। दुकान क्रमांक एक से 25 जून तक 1410 में से 840, दुकान क्रमां दो से 1591 में 1109 और दुकान क्रमांक तीन के 1504 में से 880 उपभोक्ता राशन ले पाए है। शहर में कुल 1581 उपभोक्ता ऐसे है जिन्हे 25 जून तक राशन नहीं मिला है। वितरण की जटिल प्रक्रिया और सर्वर प्राब्लम के कारण दुकानों में आए दिन सुबह से शाम तक उपभोक्ता अपनी बारी आने का इंतजार करते रहते है। शाम तक बारी नहीं आने पर दूसरे दिन के लिए नाम दर्ज कराकर लौट जाते हैं।

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

निकाय के नेता प्रतिपक्ष सद्दाम खत्री ने राशन वितरण में आ रही दिक्कत को देखते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर वितरण के लिए निर्धारित 30 जून की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने ओटीपी के बजाए थम मशीन के माध्यम से राशन वितरण करने की भी मांग रखा है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि एक उपभोक्ता को राशन प्राप्त करने के लिये मोबाईल के माध्यम से 8 ओटीपी देना पड़ रहा है जिससे बहुत समय लग रहा है तथा दुकानों में भीड़ लगने से नागरिकों को परेशानी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि 30 जून तक शत प्रतिशत उपभोक्ताओं को राशन मिलना संभव नहीं है जिसे देखते हुए वितरण की अंतिम तिथि को बढ़ाने की जरूरत है।

स्वागत के बाद कर रहे पुस्तक और गणवेश वितरण

# स्कूलों में प्रवेशोत्सव का दौर जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में जिला पंचायत सदस्यजागृति चुन्नी यदु के मुख्य आतिथ्य में प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी,सरपंच लोकेश्वरी सिन्हा, शाला समिति अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, भीखूराम साहू, चंद्रेश वर्मा, सलेखा साहू, उभे राम साहू, पुरुषोत्तम साहू एवं प्राचार्य जितेंद्र सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया।

बच्चों को गणवेश व पुस्तके वितरित की गई। प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए महिला समूह ने नेवता भोज आयोजित कर खीर पुरी खिलाया। प्राचार्य श्री सिंह ने अपने पिता स्व कृष्णशरण सिंह की स्मृति में कक्षा दसवीं में प्रथम आने वाली योगिता सिन्हा,कक्षा 12वीं के दीक्षा वर्मा, संदीप नेताम एवं भवानी शंकर वर्मा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में हुकुमचंद सिन्हा, दिनेश सिन्हा, भगत साहू, नीलम यादव आदि उपस्थित थे। संचालन व्याख्याता हेमंत साहू ने किया।

**पटेवा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला इरईकला में उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति किरण बारले थी। अध्यक्षता तुलसी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र वर्मा, ललित कुमार साहू, प्रभा वर्मा, लतमार साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना के साथ हुआ। पश्चात अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर पुस्तक एवं लेखन सामग्री प्रदान किया। मुख्य अतिथि श्रीमती बारले एवं सरपंच ललित साहू ने निःशुल्क शिक्षा की जानकारी दी। संचालन रधानपाठक कमल बेदानी किया। इस दौरान प्रकाश साहू, बंशी साहू, पवन रात्रे, रेखचंद साहू, कैलाश रात्रें, सदाराम, रोहित क्षत्री आदि मौजूद थे।

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुर दल्ली में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य किरण बारले के आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशी बच्चों को हार पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर जीवराखन नेताम, धरमू साहू, ढालसिंग, शिव यादव, अनिता साहू, कमलेश्वरी पाल, बुंदा साहू, अवधराम वर्मा, जितेन्द्र हिरवानी, बिसालिक साहू ,विनोद अलमोरे, भूपेन्द्र साहू, शबनम खान, इकबाल खान, मीना यादव, ओमकुमारी, गीताबाई, नेशरबाई, श्यामवती, रिखीराम यादव आदि मौजूद थे। मध्यान्ह भोजन समूह ने न्योता भोज का आयोजन कर जलेबी, हलवा एवं पुड़ी बच्चों को खिलाया।

**टेडेसरा।** पूर्व माध्यमिक शाला टेड़ेसरा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच खिलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच तारामती कंवर, अंकद साहू, नारायण निषाद, सुनील साहू, यशवंत यादव एवं मनोज साहू थे। कार्यक्रम में प्राचार्य धरमचंद जैन, कामदेव साहू, धनेश्वरी मार्शल, मंगलमती साहू, पारुल चतुर्वेदी, सुनीता राव केसलवार, सीमा शर्मा, प्रकाश जोशी, सुनीता मेश्राम, सरोजिनी साहू, ममता वर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों का स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच श्री साहू ने बच्चों को मोबाइल का कम से कम उपयोग करने के बारे में बताया।



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला नंबर 1 में प्रवेश उत्सव का आयोजन 24 जून को किया गया।कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत बन्नोवाना, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश शर्मा शामिल हुए। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान स्कूल में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विनीत यादव, डी एकेश राव, शारदा यादव, भूपेंद्र मरकजी, अनीश निर्मलकार, उषा साहू आदि शामिल हुए।






## नवपदस्थ सीईओ से सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भगवती साहू से मुलाकात कर ग्राम रोजगार सहायक संघ के प्रतिनिधियों ने बुके भेंट किया। श्रीमती साहू ने ग्राम रोजगार सहायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अपने कार्य क्षेत्र में अच्छा काम करें और शासन के निर्देशों का पालन करें।

इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष नरोत्तमसिंह कुंजाम, राजेश भारती, दिनेश सिन्हा, ईश्वरी वर्मा, देवलाल साहू, चंद्रेश मेश्राम, परमेश्वर जोशी, खुजूलाल निषाद, कलेश वर्मा, बिरसिंग ठाकुर, देवलाल साहू, कीर्तन, रोहित जोशी, लोकनाथ पटेल, प्रियंका बॉम्बेडे, आनंद रात्रे, रामकुमार मंडावी, कुंभज वर्मा, दिलीप चौधरी, अरुण श्याम, पूनम, यशोधना वैष्णव, उषा मुंगनकर, सोनबती वर्मा, काजल वर्मा, जमुना वर्मा, रंजिता आदि उपस्थित थे।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति
स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500
TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप

### देश की तस्वीर और गरीबों की बदली तस्वीर : उमा



**गंडई पंडरिया।** गंडई मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष उमा चौबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 सालों में देश की हुई अभूतपूर्व प्रगति की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिन संकल्पों के साथ मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी थी वह अब सिद्धि तक पहुंच रहे हैं। श्रीमती चौबे ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। उन्होंने बताया कि इस दौरान देश ने केवल आर्थिक मोर्चे पर ही तरक्की नहीं की है, बल्कि सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत हुई है। श्रीमती चौबे के अनुसार श्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों की तकदीर और देश की तस्वीर बदली है।

### बीएससी अंतिम का परिणाम 92.8 प्रतिशत

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में बीएससी अंतिम बायो एवं गणित का परिणाम 92.8 प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के 125 विद्यार्थी परीक्षा में



शामिल हुए थे जिसमें प्रथम श्रेणी में 28, द्वितीय 88 उत्तीर्ण हुए। 6 को पूरक की पात्रता मिली। दो विद्यार्थी फेल हुए। बीएससी बायो से महक अग्रवाल ने 1412 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने 1401 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं प्रिया वर्मा ने 1253 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। बीएससी गणित में दिव्या डड़सेना ने 1226 अंक प्राप्त कर प्रथम, नेहा साहू 1224 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं मनोज देवांगन 1220 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, विज्ञान संकायाध्यक्ष सोनाली लोया खानखोजे, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, रोशन साहू, प्रभात बैस, गौरव तिवारी, डॉ गोकुल प्रसाद, ऋचा अग्रवाल, डॉ निर्वेद शर्मा, देवश्री देवांगन, रणविजय देवांगन ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### मनाया मुखर्जी की पुण्यतिथि

**डोंगरगढ़।** भाजपा शक्ति केंद्र क्रमांक 6 में जनसंघ के संस्थापक डॉ



श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अंचलासिंह ठाकुर, विनीत यादव, गिरीश साहू, आदित्य मिश्रा, संतोष बहेकर, जीतू हिरवानी, लोकेश सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### आपातकाल की निंदा

**डोंगरगढ़।** आपातकाल की स्मृति में ग्रामीण मंडल ने भाजपा कार्यालय ढारा में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल



सिन्हा, महामंत्री रवि यादव, जैन कुमार मेश्राम, कचरु हिरवानी, लखन जंघेल, नामदेव साहू, मनिक सेन, दिनेश वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, जीवन वर्मा, नेगी वर्मा, अशोक साहू, जितेंद्र गेंडरे, हितेश शर्मा सहित अन्य शामिल हुए। सभी ने आपातकाल की निंदा करते हुए संविधान बचाने के लिए संघर्ष करने वालों को याद किया।

### नई सुविधा का शुभारंभ 28 को

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित धर्मार्थ चिकित्सालय में कम्प्युटराईज पैथॉलॉजी लेब, सोनोग्राफी, सीसी टीवी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे सुविधा का शुभारंभ आगामी 28 जून को होगा। इस दौरान वाय सेप ओवरब्रिज एवं परिक्रमा पथ का भूमिपूजन भी होगा। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पांडे, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपस्थित रहेंगे। बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मंत्री महेन्द्र परिहार ने शहरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** एसपी मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी



आशीष कुंजाम के निर्देश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने 24 जून को एक लड़के को नेहरू कॉलेज गाजमर्रा रोड़ पर धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने इस आशय की सूचना मिलने पर मौके पर पहुच कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर एक बटनची चाकू बरामद किया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम रितेश मसीह पिता मुकेश मसीह निवासी बंगाली पारा डोंगरगढ़ बताया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी रितेश मसीह ने कुछ दिनों पूर्व ही सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में चाकू के साथ फोटो अपलोड किया था।



### कपिल देवांगन का नवोदय में चयन

**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान में अध्ययनरत कपिल देवांगन पिता सतिश देवांगन का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। छात्र के चयन पर संस्था के प्राचार्य डॉ सजीला झा एवं शिक्षकों ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निधन



### मनोहर यादव

**सड़क अतरिया।** जंगलपुर निवासी मनोहर यादव का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। धार्मिक आयोजन एवं राजनीति में सक्रियता हमेशा रही है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिवार, मित्र, ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### सतीश सोनी

**राजनांदगांव।** सतीश सोनी आत्मज (बुट्टु) जगदीश प्रसाद सोनी सोनारपारा निवासी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार लगभग 11 बजे उनके निज निवास से शवयात्रा निकालकर लखोली मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति पखवाड़ा के तहत अभियान

# स्कूल-कॉलेज में बच्चों को नशे से दूर रहने दी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के तहत नशा मुक्ति पखवाड़ा मनाया जा रहा है । युवा पीढी में बड़ते नशे के मामलों को देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा स्कूल और महाविद्यालयों में जाकर नशे के खिलाफ जगरूकता अभियान चलाया गया।

मुक्ति पखवाड़े के अवसर पर आयोजित जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा में एक युद्ध नशा के विरूद्ध का आयोजन किया गया । जहां स्कूली बच्चों को नशा से दूर रहने की शिक्षा दी गई। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो न केवल व्यक्ति को, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। युवाओं और बच्चों को खुद भी नशा से दूर रहने और अपने दोस्तों एवं परिवार को भी इसके बारे में जागरूक करने शपथ दिलाई गई ।

### नशा एक सामाजिक बुराई : गर्ग



#### शहर में निकाली रैली

नशा मुक्ति पखवाड़ा के तहत शहर के दिग्विजय कॉलेज में भी अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से रैली का आयोजन किया गया । इस रैली में सीएसपी पुष्पेंद्र नायक सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान और एनसीसी कैडेट शामिल हुए।

#### सुरक्षित यातायात की सीख

इस अवसर पर बच्चों को सड़क पर सुरक्षित चलने, यातायात संकेतों की पहचान करने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों के महत्व को बताया गया। शराब सेवन कर वाहन न चलाने तथा बिना हेलमेट वाहन न चलायें, यातायात नियमों का पालन करने हेतु कहा गया।

#### सायबर अपराधों की जानकारी

जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा साइबर सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया, गेमिंग, ई-मेल व पासवर्ड सुरक्षा के बारे में सरल भाषा में व्याख्यान दिया गया। उन्होने बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक या अंजान व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने साइबर बुलिंग, फिशिंग, हैकिंग आदि जैसे अपराधों के बारे में बताया गया और इनसे बचाव के उपाय बताए गए।

# सूने घर से चोरी के आरोपी गिरफ्तार, जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चोरी-नकबजनी के मामले की जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। जिनसे चोरी के सोने-चांदी का जेवर बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मोह शाहरूख खान 32 वर्ष निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल ने 11 जून को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 7 जून की रात्रि करीब 8 बजे अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर बांधाबाजार अं. चौकी अपने ननिहाल गया था। 8 जून की रात्रि करीब साढे बजे वापस अपने घर बख्तावर चाल राजनांदगांव आया तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में रखे नगदी रकम 30,000 रुपए, सोने के विभिन्न जेवरात कीमती 2,00000 रुपए जुमला कीमती लगभग 2,30,000 रुपए किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए। इसी तरह प्रार्थी बेला प्रसाद 72 वर्ष साकिन राज डेंटल क्लीनिक के बाजू वाली गली टांकापारा वेसलियन स्कूल के पास राजनांदगांव द्वारा 13 जून को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 मई को घर में ताला लगाकर अपने परिवार सहित कोयम्बटुर (तमिलनाडु) गए थे। 12 जून को कोयम्बटुर (तमिलनाडु) से वापस राजनांदगांव आकर देखे तो घर के दरवाजा एवं अंदर का आलमारी टूटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने के विभन्न जेवरात कीमती 43,000 रुपए एवं नगदी रकम 15,000 रुपए जुमला कीमती 58,000 रुपए नहीं था। दोनों मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी।

#### चोरी का सामान बरामद

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे फुटेज में मिले क्लू के आधार पर आरोपी दीपक बघेल 25 वर्ष साकिन पिपरिया हाल पता विजयनगर पुराना बाजार चौक फेमस बिल्डिंग के पास गली नं. 8 नागपुर, लालचंद उर्फ चंद्रकुमार वर्मा 20 वर्ष साकिन पिपरिया एवं 2 अपचारी बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया जेवरात जुमला कीमती 2,43,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी, लोहे का राड़, पेंचकस एवं एक मोबाइल को जब्त किया गया। नगदी रकम को खाने-पीने में खर्च कर लेना बताया। 26 जून को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों का न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर दो आरोपियों को जिला जेल राजनांदगांव में एवं 2 अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# छोटी मूर्ति क्षतिग्रस्त, एफआईआर दर्ज

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा के अलावा चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण भी किया जाता है। इसी कड़ी में गौरवपथ रोड में मेजर ध्यानचंद के साथ दो अन्य हॉकी खिलाडियों की मूर्ति स्थापित की गई है। जिसमें से मेजर ध्यानचंद के बाजू छोटी मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है। जिससे शहर के खिलाड़ियों में आक्रोश है।मूर्ति क्षतिग्रस्त होने पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने थाना प्रभारी बसंतपुर को अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई करने एफआईआर दर्ज करने पत्र प्रेषित किया है।

उन्होंने कहा कि संबंधित का यह कृत्य न केवल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला है, बल्कि नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इस घटना से आम नागरिकों में आक्रोश एवं असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे इस प्रकार के अपराध में अंकुश लग सके।

# हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने पर राशि होगी राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा का पानी भूमि में जाने महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है।

महापौर ने कहा कि हमारे जीवन में जल का विशेष महत्व है। आज पेड़ों की अंधाधुन कटाई एवं शहर व गांव में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नहीं पहुच पाता। जिससे भूगर्भ में जल की कमी हो गई है। जिससे नदी, तालाबों, कुंओं, हैंडपंपों का जल स्तर कम होता जा रहा है और यही स्थिति रही तो भविष्य में पानी की किल्लत एक विकराल रूप ले लेगी।

इस समस्या से निपटने भूमि में जल स्तर बढ़ाने प्रयास करना होगा। इसके लिए हमें घरों व भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाना चाहिए। जिससे बरसात का पानी छत व आंगन के माध्यम से नीचे जमीन में जाता है, जो जल स्तर को बढ़ाता है। हैंडपंप के पास सोक्ता पीठ का निर्माण करना चाहिए। जिससे भी जल स्तर बढ़ता है।

### हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस

#### जलस्तर बढ़ाने अच्छा माध्यम

उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है। वर्षा का पानी भूमि में जल स्तर बढ़ाने का अच्छा माध्यम है, इसलिए वर्षा का पानी भूमि में जाने रैन वाटर हार्वेस्टिंग जरूर कराएं। महापौर ने कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नगर निगम द्वारा भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा कराई जाती है और भवन पूर्णता के पहले हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की जांच कर पूर्णता दी जाती है, यदि हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया जाता तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है, नहीं लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है।



#### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं

महापौर यादव ने सभी घरों व भवनों के मालिकों से अपील करते कहा कि इस बरसात वे अपने घरों व भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं। जिससे बारिश का पानी जमीन में जा सके, ताकि जल स्तर बढ़ सके। उन्होंने बताया कि निजी के साथ-साथ शासकीय भवनों, सामाजिक भवनों मे भी रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगानी चाहिए। जिससे बारिश का पानी भूगर्भ में जा सके।

# दो बच्चों के मां की बेहरमी से हत्या

### ग्राम खैरबना में सनसनी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर से लगे ग्राम खैरबना के डोकराभाठा में बुधवार की शाम घर में एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी रही। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार खैरबना के डोकराभाठा में बुधवार की शाम लगभग 4 बजे दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां मोहनी बाई साहू उम्र लगभग 30 वर्ष जो कि अपने दो मासूम बच्चों प्रदीप 7 वर्ष और किंज्जन 5 वर्ष के साथ रहती थी । जिसकी अज्ञात हमलावर ने निर्मम हत्या कर दी। बताया गया कि घटना के समय बच्चे स्कूल गए हुए थे जब स्कूल से लौटे तब मासूमों को यह जानकारी हुई।



#### सिर, गले में गहरे वार

बताया जा रहा है कि मोहनी बाई के सिर और गले पर धारदार हथियार से गहरे वार किए गए हैं जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका अपने खेतों में मेहनत-मजदूरी कर दोनों बच्चों का पालन कर रही थी। कोरोना काल में उसके पति का निधन हो चुका था। सूत्रों की मानें तो इससे पहले भी मोहनी बाई के घर में दो से तीन बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

#### पुलिस ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

आशंका जताई जा रही है कि पूर्व की घटनाओं से जुड़ी रंजिश या जान-पहचान का कोई शख्स इस वारदात के पीछे हो सकता है। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक लक्षय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निलेश गौतम, टीआई अनिल शर्मा, फोरेसिंग एवं साइबर की टीम मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस मामले में पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को लालबाग स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र वरदान भवन में उनके 60वीं पुण्य स्मृति दिवस पर 24 जून को ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के गुण एवं विशेषताओं के साथ ही उनके त्याग, तपस्या एवं संस्था के प्रति अभूतपूर्व योगदान को याद कर उनसे प्रेरणा लेकर जीवन को उनके समान बनाने के प्रेरित किया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, पार्षद राजा माखीजा, पार्षद चंद्रशेखर लश्करे, पार्षद सावन वर्मा, पार्षद रवि सिन्हा, प्रो. कृष्णकुमार द्विवेदी, लोकपाल अमलेन्दु हाजरा, वरिष्ठ पत्रकार सीएल जैन सोना, राजू डागा, महेश जॉनी, सुदामा मोटलानी, डॉ. नरेन्द्र गांधी, सुरेश भीमनानी, दिनेश, जुगल लड्ढा, रमेश गुप्ता, हरीश गांधी, कृष्णकुमार शर्मा, भारती गौते, शारदा तिवारी, डॉ. प्राची अग्रवाल, डॉ. साधना तिवारी, रूप साहू, अनिता जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डाकलिया ने प्रदेश प्रभारी को दी गतिविधियों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया ने सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से रायपुर प्रवास के दौरान मुलाकात कर शहर कांग्रेस की गतिविधियां एवं कांग्रेस भवन के निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

श्री डाकलिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रयास से ही लगभग 30 वर्ष से जीर्ण-शीर्ण हो चुके कांग्रेस भवन का नवनिर्माण का कार्य शुरू हो गया है। उक्त प्रयास में संयोजक श्री किशन खंडेलवाल, धनेश पाटिला, कुतबुद्दीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, शारदा तिवारी, हेमा देशमुख, आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, अशोक फड़नवीस, रूबी गरचा, पंकज बांधव, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, झम्मन देवांगन, अमित खंडेलवाल, अमित चंद्रवंशी, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, हेमू सोनी सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा है।

## पेज 11 का शेष

### पौने दो लाख हेक्टेयर...

सिंचित इलाकों में यह 22 क्विंटल प्रति एकड़ तक पहुंच जाता है। चूंकि सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीद रही है, इसलिए किसान पूरा धान सरकारी सोसायटियों में बेच पा रहे हैं। इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ रही है, बल्कि उनका भरोसा भी कृषि व्यवस्था में मजबूत हो रहा है।

### रॉयल्टी क्लीयरेंस में...

जिले में रेत का संकट- जिले में लंबे समय से अवैध रेत और मुरूम का उत्खनन हो रहा है। शहर के मोहड़ वार्ड में गोलीकांड के बाद अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन शिकंजा कसा हुआ है और रेत तस्कर खुलेआम नदी से रेत नहीं निकल पा रहे हैं। ऐसे में जिले में धमतरी-चारामा क्षेत्र से रेत पहुंच रही है। जिसकी वजह से रेत का संकट दिखाई दे रहा है।

# मनगटा में मना प्रवेशोत्सव



**राजनांदगांव।** ग्राम मनगटा में शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला द्वारा 25 जून को संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत एवं निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

अतिथियों ने बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव एवं जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अनीता डिगेंद्र सिन्हा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख एवं अन्य अतिथियों में मोहनिश धनकर, परदेशीराम सोनबोइर, यशवंत वर्मा, बैजनाथ सिन्हा, अशोक साहू, उमाशंकर साहू, कोदूराम साहू, परमानंद साहू, तारेश साहू, धनुष निर्मलकर, महेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू एवं अन्य ग्रामवासी तथा तीनों शाला के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सहसपुर दल्ली में मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती एवं बलिदान दिवस सहसपुर दल्ली के बस स्टेण्ड के अटल चौक के पास मानाया गया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति किरण विनोद बारले, ललित साहू, प्रेमलता सिंह, संतराम नागपुरी, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे।





भगवान जगन्नाथ रथयात्रा
की हार्दिक शुभकामनाएं...

JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

जॉन डियर ट्रैक्टर
वाजिब दाम में उपलब्ध

आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर
जॉन डियर ट्रैक्टर

नया PowerTech™
5310 57HP 42kW
GearPro™
12F+4R

सस्ता नहीं
अच्छा लो

TremIV



जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप

GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता

जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता

अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष डॉ रमन से की भेंट-मुलाकात

**हरिभूमि कोलेगांव।** भाजपा मण्डल कुण्डा उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह औपचारिक भेंट-मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना। बुधवार को भाजपा मण्डल कुण्डा उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट-मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

# धर्म नगरी कवर्धा में आज निकाली जाएंगी,भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा की आप सब को बधाई जगत के नाथ नीलमाधव श्री जगन्नाथ महाप्रभु, बहन सुभद्रा और बलभद्र जी की रथ यात्रा श्री जगन्नाथ पुरी की तरह कवर्धा की प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से विगत दो सौ से अधिक वर्षो से धर्मनिष्ठ राजा उजियार सिंह (सन 1801 से 1849) के समय से निकाली जा रही है। भगवान नगर भ्रमण कर भक्तों के दुखों को देखते हैं और उन्हें दूर करते हैं।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपनी मौसी के घर जाते हैं। रथ यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से तीन दिव्य रथों पर निकाली जाती है। सबसे आगे बलभद्र जी का रथ तालध्वज जो कि लाल और हरे रंग से बना रहता है, उसके पीछे बहन सुभद्रा का रथ दर्पदलन या देवदलन काले और लाल रंग में होता है तथा सबसे पीछे जगन्नाथ प्रभु का रथ नंदीघोष (गरुड़ ध्वज, कपिध्वज) लाल और पीले रंग में रहता है। उन्होने बताया कि पद्म पुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ की बहन देवी सुभद्रा ने एक बार नगर देखने की इच्छा व्यक्त की तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी लाड़ली बहन सुभद्रा को रथ पर बैठाकर नगर दिखाने निकल पड़े इस दौरान वे मौसी के घर गुंडिचा भी गए और यहां सात दिन ठहरे तभी से जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने की परम्परा चली आ रही है।

नगर भ्रमण के पश्चात भगवान जगन्नाथ का रथ परंपरा अनुसार अपनी मौसी के घर एक सप्ताह ठहरते हैं, इसके लिए स्व. शंकरलाल कश्यप के सुपुत्र मुकुंदमाधव को सेवा का यह सौभाग्य विगत 14 वर्षों से मिल रहा है। बड़ी धूमधाम से भक्त जन श्री जगन्नाथ स्वामी को मुकुंद माधव कश्यप के यहां ले जाकर पधारते हैं। और शेष सभी देवों के रथ अपने अपने प्रासाद में पहुंचकर विश्राम करते हैं।

### कवर्धा नगरवासियों के लिए भक्तिमय दिव्य वातावरण दर्शनीय



इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कवर्धा अंचल परम भाग्यशाली है कि श्रीराधाकृष्ण बड़े मंदिर के निकट उजियार सागर के तट पर भगवान जगन्नाथ स्वामी का रियासत कालीन 19वीं सदी का प्राचीन मंदिर अवस्थित है। इस मंदिर के गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा देवी और बलभद्र की ढाई फीट ऊंची काष्ठ निर्मित दिव्य प्रतिमा विराजमान है, यह प्रतिमा मंदिर निर्माणकाल से बिना परिवर्तन स्थापित है। श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और सुभद्रा जी की मूर्तियां नीम की लकड़ी से बनी हैं। नीम की लकड़ी का चयन इसलिए किया जाता है, क्योंकि भविष्य पुराण इसे विष्णु मूर्ति बनाने के लिए सबसे शुभ काष्ठ घोषित करता है। पूर्वाभिमुख इस मंदिर के सम्मुख श्री हनुमान, श्री गणेश एवं शिवजी की प्रतिमा है। इस मंदिर के प्रथम पुजारी महंत गोवर्धन दास थे, उनके बाद साधूदास, फिर कमलदास जिन्हें ऊंट वाले बाबा कहते थे। फिर सीताराम जिन्हें सभी जय जगदीश कहते थे। क्योंकि जब भी कोई उन्हें प्रणाम करता तो वे जय जगदीश कहते। पुरी की तरह ही यहां भी जगन्नाथ की दिव्य एवं भव्य रथ यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए भक्तों को प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं। यात्रा के अवसर पर भक्तों को चना दाल, मूंग और गुड़ मिश्रित प्रसाद दिया जाता है। इस यात्रा के साथ ही श्रीराम मंदिर, श्रीराधाकृष्ण मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, छोटे मंदिर, मेकरी मंदिर, श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर सहित सभी मंदिरों से रथ यात्रा निकाली जाती है। इस दिन धर्म नगरी कवर्धा का भक्तिमय दिव्य वातावरण दर्शनीय होता है।

## हल्लाबोल: कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में जिला कांग्रेस ने दिया धरना

- डीईओ कार्यालय का घेराव कर, सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

प्रदेश की भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन कर डीईओ कार्यालय का घेराव किया तथा अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को प्रदेश के राज्यपाल के नाम सौंपा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू, पंडरिया पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत, लालजी चन्द्रवंशी, नीलू चन्द्रवंशी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले, एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शितेश चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के सभी विंगों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस कमेटी ने डीईओ कार्यालय के घेराव से पूर्व स्थानीय शहर कांग्रेस कार्यालय के पास एक विशाल धरना प्रदर्शन सभा का भी आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति रोजगार विरोधी तथा शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए है, नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के अनुपात को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया गया है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो गए हैं।

कांग्रेस वक्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि प्रभावित 10463 स्कूलों में संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन-यापन का संकट उत्पन्न हो गया है।

नए सेटअप के तहत सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल और हॉयर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। उन्होने कहा कि अधिनायकवादी भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा। इतना बड़ा निर्णय थोपने से पहले न शिक्षक संगठनों की राय ली गई, न पालक संघ से पूछा गया, न ही शिक्षाविद और छात्र संगठनों से कोई चर्चा की गई। सरकार के इस शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ों शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी बना नहीं पाए, समयमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है। ऐसे में यही लगता है कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर शासन-प्रशासन शिक्षकों को डरा कर वसूली करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी,कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि आगे भी कांग्रेस युक्तियुक्तकरण को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

### प्रदेश के राज्यपाल के नाम कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन






सभा के पश्चात रैली के शक्ल में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय कवर्धा का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेसियों की भारी भीड़ और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बावजूद इसके कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया व अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई सहित सभी विंगों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# श्रमिक कल्याण संघ ने क्षेत्रीय विधायक व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



- समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं करते हैं तो,श्रमिक संघ आंदोलन के लिए बाध्य रहेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र चालू करने के लिए श्रमिकों द्वारा मेंटनेश का कार्य किया जाता है और जैसे जिस दिनांक से ड्यूटी आते हैं उसी दिनांक से ड्यूटी ज्वाइन कर लेते हैं। जिससे पेराई सीजन अच्छा से संचालन हो सके और मेंटनेश का कार्य सफल रहे। वैसे ही इस बार भी पेराई सत्र चालू करने के लिए मेंटनेंस कार्य किया जाना है, जिसमें पूर्व में श्रमिक जिस दिनांक से आते हैं उसी दिनांक पर ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए जब कारखाना प्रबंधक के पास गए तो प्रबंधक मनमानी व तानाशाही रवैया अपनाते हुए कहा कि इस वर्ष मैं अपने हिसाब से कार्य पर रखूंगा और मैं किसी को ड्यूटी पर नहीं रखूंगा बोलने लगे। तब इसी बात को लेकर श्रमिकों का कहना है कि पूर्व में पिछले 4 से 5 वर्षों से जिस दिनांक से ड्यूटी आते हैं उसी दिनांक से ड्यूटी बुलाने के लिए आवेदन निवेदन किया। जब कारखाना प्रबंधक ने श्रमिकों का बात नहीं सुनी तो अपने क्षेत्रीय विधायक कार्यालय व एसडीएम कार्यालय में जाकर अपनी समस्या से अवगत कराया और जल्द निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

श्रमिक कल्याण संघ का कहना है कि यदि हमारी समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं करते हैं तो कारखाना प्रबंधक के खिलाफ सप्ताह भर बाद में सभी श्रमिकों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे। जिसमें संपूर्ण जिम्मेदारी कारखाना प्रबंधक और शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा, सचिव अजय बंजारे, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी, संयुक्त सचिवमेलन मानिकपुरी, प्रवक्ता संतराम वर्मा, सदस्य बिसेन साहू, अश्वनी साहू, गोपाल चंद्रवंशी, जुनैद खान, अजीत साहू, मनीष जायसवाल, लोकसिंह ठाकुर, शिवा निषाद, देव नेताम, मुकेश यादव, सूरज चंद्राकर व श्रमिक गण उपस्थित थें।

## पाढ़ी स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत संकुल केंद्र पाढ़ी में बुधवार को संयुक्त रूप से शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक तथा हाई स्कूल पाढ़ी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर पूजा किया गया, तत्पश्चात नवीन शिक्षा सत्र के आरम्भ में संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक श्री चंद्राकर द्वारा शिक्षकों को शासन के निर्देश से अवगत कराते हुए शैक्षाणिक कलेंडर के अनुसार शाला गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा नवीन बच्चों को गुलाल लगाकर, मीठा खिलाकर व विद्यार्थियों को बच्चों को गणवेश, पुस्तक और सरपंच द्वारा सभी बच्चों पेन और कॉपी दिया गया, इस दौरान बच्चे कॉफी उत्साहित नजर आए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा साहू, विशिष्ट अतिथि थानेश्वर जायसवाल, सरपंच लेखराम बांधवे, उपसरपंच गोविंद पटेल, स्कूल के स्कूल प्रबंधन समिति, तिहारी पटेल, गोविन्द पटेल, शिव शंकर निर्मलकर और संस्था प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, रामकुमार रॉय और सतीश पटेल, सचिव शिलाप धुर्वे, पूर्व सरपंच कामता प्रसाद साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पालक स्कूल में धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पालक में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य आतिथ्य स्थानीय सरपंच सुकलाल मेरावी द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। एमएस पालक द्वारा स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती तीजन बाई और पीएस पालक के एसएमसी स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेवल सिंह द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पालको से अनुरोध किया गया कि बच्चों को रोज शाला जरूर भेंजे। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सुरतिया राम साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक सुरेश धुर्वे सहित शिक्षक कृष्णकुमार बघेल, श्रीमती एमेल्डा मिंज, शरद नागवंशी सहित समर्थ एनजीओं शिक्षक श्रीराम जी, श्रीमती लक्ष्मी द्वारा पालकों को बच्चों पर ध्यान देने और शाला नियमित भेजने हेतु उद्बोधित किया गया। आज शिक्षकों द्वारा नेवता भोजन में चांवल, दाल, सब्जी, खीर-पुड़ी और मिठाई बच्चों को खिलाया गया। इस अवसर पर महिला समूह अध्यक्षा श्रीमती बेहदरीन, पंच श्रीमती भागमती, सफाई कर्मी असड़ु, बैशाखू सहित पालकगण बल्लू सिंह, श्रीमती सोमती, तुलसिंह सहित अधिक संख्या में गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## निधनः सुनील सिंगरौल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम सोमनापुर निवासी सुनील सिंगरौल का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। स्व. सुनील सिंगरौल सेवा सहकारी समिति दामापुर में कम्प्युटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ थें। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम सोमनापुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, वहीं ग्राम सोमनापुर सहित आसपास गणमान्य नागरिकों द्वारा उपस्थित होकर स्व. सुनील सिंगरौल को भावभीनी विदाई दी गई। जिससे सिंगरौल परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

## घुघरी कला में सामुदायिक भवन नव-निर्माण का किया गया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत घुघरी कला में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर स्वीकृत राशि से सामुदायिक भवन माध्यमिक शाला घुघरी कला के पास निर्माण हेतु 19.50 लाख रुपए की राशि नव-निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि सामुदायिक भवन नव-निर्माण होने के बाद सभी समाज के लोगों को इनका लाभ मिलेगा। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुषमा गणपत बघेल अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल सभापति जिला पंचायत, गणेश तिवारी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, वीरसिंग पटेल अध्यक्ष कवर्धा ग्रामीण मंडल की अध्यक्षता मे बिरझू राम पटेल अध्यक्ष नेवारी सोसायटी, रोहित नाथ योगी, श्रीमती चंपा राजकुमार जांगड़े सरपंच, रामकुमार पटेल प्रभारी शक्ति केंद्र, जगेसर पटेल संयोजक, आत्मादास मानिकपुरी भाजपा कार्यकर्ता, दौलत नाथ योगी एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण भूमि-पूजन कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक व स्कूली ड्रेस वितरण किया गया

# कंझेटा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में जन-प्रतिनिधि के उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रदेश में 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है, इस दौरान पूरे प्रदेश में जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। शिक्षा को जन-अभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल है, इसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयो में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है और शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन करना है। इसी कड़ी में गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे के गरिमामय उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि महेंद्र धृतलहरे एवं अतिथियों द्वारा विद्या के देवी मां सरस्वती की छायाचित्र में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वही बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश करवाया गया एवं निःशुल्क पुस्तक व स्कूली ड्रेस वितरण किया गया। इस दौरान शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में प्रतिनिधि जनपद सदस्य माखन चंद्रवंशी, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, डॉ परस चंद्रवंशी, भुलाऊं चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, सरपंच भागीरथी सोनवानी, प्राचार्य संजय वैष्णव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं तथा पालक गण साथ ही ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### शाला प्रवेश का उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहेः महेंद्र धृतलहरे

प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य महेंद्र धृतलहरे ने कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव मतलब यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और हर बच्चा स्कूल जाए यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज की प्रत्येक वर्ग भागीदारी से ही हम एक शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य की निर्माण कर सकते है। उन्होने कहा कि विद्यालय प्रवेश कार्यक्रम से बच्चों को आयु उपयुक्त और खेल आधारित अधिगम अनुभव प्रदान करता है, जो उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करता है।

## तरेगांव जंगल में अंतर्राष्ट्रीय नशा-विरोधी दिवस पर विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरेगांव जंगल में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर गुरूवार को श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी संग्राम सिंह धुर्वे, निरीक्षक थाना तरेगांव जंगल के विशेष समन्वय एवं चंद्रकांत यादव पैरालीगल वॉलंटियर की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस विभाग, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने नशे से जुड़ी सामाजिक, शारीरिक और मानसिक समस्याओं पर प्रकाश डाला। एनएएलएसए योजनाएं एवं डीएडब्ल्यूएन योजना 2015 अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विशेषकर आदिवासी जनसंख्या को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं उन्हें कानूनी अधिकारों तथा उपचार विकल्पों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांत यादव, पैरालीगल वालंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोनाफिंज मिंज, सहायक उप निरीक्षक, थाना तरेगांव जंगल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। एनएएलएसए की योजनाओं एवं डीएडब्ल्यूएन योजना 2015 की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई, जो पीड़ितों को पुनर्वास, कानूनी सहायता व सामाजिक पुनर्स्थापन हेतु सहायता प्रदान करती हैं। चिकित्सकों ने नशे से जुड़ी बीमारियों व उपचार की जानकारी दी, वहीं पुलिस विभाग ने तस्करी के विरुद्ध कानून और समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में आदिवासी महिलाओं सहित विभिन्न समुदायों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज इस समस्या के समाधान हेतु सजग और संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम नशा मुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित समाज की दिशा में एक सकारात्मक कदम सिद्ध हुआ।

**खबर संक्षेप**

## कृषकों को वितरित की गई आवश्यक सामग्री

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा सोयाबीन की उन्नत कास्त तकनीक विषय पर कृषक संगोष्ठी सह आदान सामाग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन गत दिनो किया गया। इस कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू एवं जनपद पंचयात बोड़ला के कृषि स्थाई समिति के सभापति नरेश साहु ने कृषको को आदान सामाग्री का वितरण किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानो को खेती किसानी संबंधी कई महत्वपूर्ण और आवश्यक जानकारियां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# स्कूल शिक्षा विभाग में भर्राशाही, भटकती रही गांव से टीसी लेने बोड़ला आई वृद्धा

- 10 किलो दूर प्राचार्य के निज निवास में जाकर कराने पड़े प्राचार्य के हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

लोगों को बेहतर प्रशासनिक तथा विभागीय सुविधाएं मिल सकें और उनके सरकारी कामकाज सुगमता तथा सुविधा पूर्ण ढंग से हो सकें इस बात ख्याल रखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार सुशासन तिहार, जनदर्शन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है लेकिन दूसरी तरफ जिले के विभागीय और प्रशासनिक अधिकारी शासन की इस जनकल्याणकारी मंशा पर पानी फेरते दिखाई दे रहे हैं। इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला के शिक्षा विभाग में देखने को मिल रही है। बताया जाता है कि बोड़ला विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के पास संचालित आदिवासी बालक आश्रम स्कूल में बीते दिन स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने आई एक ग्रामीण वृद्ध महिला दो दिनो तक भटकते रही। काफी मसक्कत और अर्जी विनती करने के बाद विभाग ने उसे टीसी तो दे दी लेकिन उसमें प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं थे। महिला को बताया गया कि प्राचार्य बोड़ला से 10 किलो मीटर ग्राम प्रभाटोला में रहते हैं और उन्हे वहीं जाकर प्राचार्य के हस्ताक्षर कराने पड़ेगे। अंततः वृद्ध महिला प्राचार्य के निज निवास पहुंची तब कहीं जाकर प्राचार्य ने टीसी में हस्ताक्षर किए। बताया जाता है कि इसी स्कूल में गत 24 जून को भी ग्राम शंभूपीपर से एक महिला अपने छोटे बच्चों को लेकर पेन नंबर लेने आई थी। लेकिन उसे पेन नंबर नही मिला और उसे पूरी रात बोड़ला में ही काटनी पड़ गई। आरोप है कि स्कूल के प्राचार्य नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते और न ही उनकी अनुपस्थिति में किसी को प्रभार दिया जाता है जिसके कारण दूरदराज से स्कूल संबंधी कामकाज लेकर आने वाले पालकों को खासी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।




### पीड़ित वृद्धा ने जिला शिक्षा अधिकारी से की शिकायत

यहां बताना लाजिमी होगा कि विकासखण्ड बोड़ला मुख्यालय में यह भर्राशाही और कहीं नहीं बल्कि ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लगे स्कूल में चल रही है। पीड़ित महिला की माने तो वह अपने बच्चे की टीसी संबंधी समस्या को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी के पास भी गई थी लेकिन ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने पीड़ित महिला की शिकायत पर स्कूल के प्राचार्य के विरूद्ध कोई कार्यवाही किए जाने के बजाए महिला को प्राचार्य के निज निवास प्रभाटोला जाने की सलाह दी। बाद में वृद्ध महिला ने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय जाकर की और पूरी जानकारी दी। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच व कार्यवाही की बात कही है।

### प्रशासनिक और विभागीय कसावट जरूरी

जिले में इस तरह की प्रशासनिक और विभागीय व्यवस्था को देखते हुए बड़ा सवाल यही उठता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार और उसके नेता और जनप्रतिनिधि आखिर किस सुशासन तिहार का राग अलापते हैं। सवाल उठता है कि क्या प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों एक दिन किसी शिविर में लाकर खड़ा कर देने मात्र से सुशासन आ जाएगा? माना जा रहा है कि सत्ताधारी नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासनिक तथा विभागीय कसावट लानी होगी और इसके लिए इस तरह के गैर जिम्मेदार प्राचार्य के खिलाफ सीधे तौर पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जानी चाहिए।


**अनदेखी:** ग्राम घोघराकला में करंट की चपेट में आए मवेशी की मौत

# वर्षाकाल में जान पर भारी पड़ रही खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्षाकाल प्रारंभ होते ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था एक बार फिर जान पर भारी पड़ते दिखाई देने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम घोघराकला में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गांव में खुले पड़े अर्थिंग तार की चपेट में आने से एक मवेशी की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना न केवल विभागीय अनदेखी को उजागर करती है बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे की चेतावनी भी देती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में वर्षाकाल के दौरान करंट से मौत के मामले अचानक बढ़ जाते हैं और इसकी चपेट में आने से मवेशियों सहित लोगों तक को अपनी जान गवानी पड़ती है। लोगों को आरोप है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की विद्युत व्यवस्था खस्ताहाल है, विशेष सुरक्षा के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। स्थिति ये है कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में लगाए गए अधिकांश विद्युत ट्रांसफार्मर बेहद असुरक्षित ढंग से जमीन से महज कुछ ही फीट की ऊंचाई पर लगे हुए हैं। जिनके आसपास हाई वोलटेज करंट प्रवाहित तार जमीन में को छूते हुए झूल रहे हैं। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान जमीन के गीले होने पर करंट के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी ही अव्यवस्था के चलते कई बार करंट अर्थिंग तार में भी आता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम घोघराकला में भी यही हुआ है। खस्ताहाल व्यवस्था और रखरखाव के आभाव में करंट अर्थिंग तार में आने से मवेशी की तार के संपर्क में आते ही करंट से मौत हो गई। माना जा रहा है कि यह तो वर्षाकाल की शुरूआत है अगर समय रहते विभाग ने इस जीवलेवा खतरे को गंभीरता से नहीं लिया और अपनी खस्ताहाल व चरमराई व्यवस्था को दुरूस्थ नहीं किया तो हो सकता है कि ऐसी कई घटनाएं सामने आ सकती है।

### विद्युत अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की इस अव्यवस्था और घोरलापरवाही को लेकर ग्राम घोघराकला के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही व्यवस्था को दुरूस्थ नहीं किया गया तो वे मवेशी की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के खिलाफ थाना में अपराध्ण पंजीबद्ध कराएंगे। देखने वाली बात होगी कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी ग्रामीणों की इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेती है और इस तरह की घटनाओं की जिले में पुर्नावृति को रोकने के लिए क्या कदम उठाती है।

# पुलिस भर्ती के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




एक पीड़ित की शिकायत पर कवर्धा कोतवाली ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले शातिर फर्जी दलाल को तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है और पूछताछ के बाद वैधानिक कार्यवाही किए जाने की बात कही जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घोठिया निवासी राम बघेल ने कवर्धा कोतवाली में रपट दर्ज कराई थी कि आरोपी परदेशी टेकाम, निवासी ग्राम शीतलपानी, खुद को पुलिसकर्मी बताकर लोगों को सहायक आरक्षक और एसआई की नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूलता है। पीड़ित ने खुलासा किया कि आरोपी ने उससे भी सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर कुल 3,03,600 रूपए की ठगी की है। जिसमें से 1,83,600 रूपए की रकम उसने बैंक खातों के माध्यम से और शेष नगद सिग्नल चौक स्थित एक लॉज के पास ली है। इस लेनदेन की पुष्टि दो गवाहों ने भी की है। जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी या नौकरी की पुष्टि चाही, तो आरोपी लगातार बहानेबाजी करता रहा। पीड़ित राम बघेल की इस शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, एएसपी पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा डीएसपी कृष्णा चंद्राकर के मार्गदर्शन में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लिया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में संकेत मिले हैं कि आरोपी ने अन्य लोगों के साथ भी इस तरह की ठगी की हो सकती है। पुलिस इसकी विस्तृत जांच कर रही है। कबीरधाम पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी, ट्रांसफर या टेंडर के नाम पर पैसों की मांग की जाए तो तत्काल निकटतम थाना या कंट्रोल रूम को सूचित करें।

## हादसा...



**पंडिरया।** जिले के पंडरिया विकासखण्ड क्षेत्र में एक बार फिर सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक तेजरफ्तार बेकाबू हाईवा क्रमांक सीजी 09 जेपी 5077 बेकाबू होकर ग्राम मुनमूना के पास पुल की कांक्रीट रेलिंग में चढ़ गया।

# 32 पौवा देशी अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



कुण्डा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से पुलिस ने 32 पौवा (5.760 लीटर) देशी प्लेन शराब जप्त की है। जिसकी कीमत लगभग 2,560 रुपए आंका गया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को कुण्डा पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की जानकारी मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम सेन्हाभाठा में सार्वजनिक मंच के पाए एक आरोपी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर दबिस दी और अवैध रूप से शराब बेंचते आरोपी बृजलाल उर्फ राजू बांधे आयु 30 वर्ष, निवासी खैरझिटी नया, थाना कुण्डा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पौवा (5.760 लीटर) देशी प्लेन शराब जप्त की है जिसकी कीमत लगभग 2,560 रुपए आंकी गई है, पुलिस ने आरोपी की मोटर सायकल को भी जप्त किया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की है।

## लायंस क्लब ने संरक्षित क्षेत्र में रोपे मोसम्बी व आम के 75 पौधे



**कवर्धा।** लायंस क्लब ने 26 जून को सीनियर सिटीजन समिति के संरक्षक एवं लायन अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर उनके फॉर्महाउस में मोसम्बी, अल्फांसो आम, केसर आम के 75 पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित किया। इसी के साथ क्लब द्वारा वर्षा ऋतु में वृहद वृक्षारोपण किए जाने की शुरुआत की। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के सिग्नेचर प्रोग्राम के तहत हर वर्ष बारिश में संरक्षित क्षेत्र में क्लब द्वारा लगभग 300 पौधे रोपे जाते हैं। पिछले 20 वर्षों से नियमित रूप से क्लब द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत 2017 में रायपुर रोड के किनारे ग्राम मगरदा में जिला प्रशासन के सहयोग से लायंस पार्क के नाम से एक ऑक्सी जोन विकसित किया गया है। इस जोन में जामुन के 450 पौधे रोपे गए थे। इसके अलावा हर वर्ष अनेक प्रजातियों के फलदार पौधे रोपे जाते हैं। अब ये सारे पौधे वृक्ष बनने की ओर अग्रसर हैं। इस जोन को क्लब ने अपने खर्च से बार्बेड वायर और आयरन गेट लगाकर सुरक्षित किया है। आज के कार्यक्रम में प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, सुशीला श्रीश्रीमाल, डॉ. अतुल श्रीश्रीमाल, डॉ. संगीता श्री श्रीमाल, नीरज मनजीत छाबड़ा, हरीश गांधी, धनसुख पटेल, रामेश्वर गुप्ता, आनंद दानी के अलावा सीनियर सिटीजन समिति के अध्यक्ष मदन तम्बोली, एसएस जैन, प्रकाश गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, पंकज सिंह ठाकुर, प्रभाकर शुक्ला, बलदाऊ सोनी सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## उर्वरकों की आपूर्ति एवं निगरानी के लिए निरीक्षण दल गठित

**कवर्धा।** खरीफ वर्ष 2025 में जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं उचित मूल्य पर रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला कबीरधाम में उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं मूल्य नियंत्रण की निगरानी के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। उप संचालक कृषि अमित मोहंती ने जानकारी दी कि गठित दल का दायित्व जिले में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण की प्रक्रिया तथा विक्रय दरों की निगरानी करना है, ताकि किसी प्रकार की कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर विक्रय अथवा अन्य अनियमितता की स्थिति उत्पन्न न हो। इस दल में सहायक संचालक कृषि अखिलेश दत्त दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिनसे किसान सीधे संपर्क कर सकते हैं। वहीं जिला निरीक्षक के रूप में सारांश शर्मा सहित विकासखंड स्तर पर सहायक अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें कवर्धा विकासखंड के लिए एनकेएस नरविरया एवं एसके अहिरवार, बोड़ला के लिए व्हीके यादव एवं पंकज दिल्लीवार, सहसपुर लोहारा के लिए आरसी भवेल तथा पंडरिया विकासखंड के लिए नरेंद्र चंद्राकर शामिल हैं। श्री मोहंती ने बताया कि किसानों को सलाह दी गई है कि वे खरीफ फसलों के लिए डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक जैसे एसएसपी, यूरिया, एमओपी एवं एनपीके का भी समुचित उपयोग करें। किसी भी प्रकार की शिकायत जैसे अधिक दर पर विक्रय, कालाबाजारी अथवा अन्य गड़बड़ियों की सूचना किसान उपरोक्त अधिकारियों को सीधे जानकारियां दे सकते है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जिले में उर्वरकों की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी एवं अनुशासित बनाया जाए।

**50 हजार से अधिक लोगों की होगी जांच, स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे अभियान की निगरानी**

# जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 12 वां चरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले को मलेरिया से पूर्णतः मुक्त करने के संकल्प के साथ मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का बारहवां चरण कबीरधाम जिले में 25 जून से प्रारंभ हो गया है। यह चरण आगामी 24 जुलाई 2025 तक जिले के चिन्हित अति संवेदनशील, दुर्गम और मलेरिया प्रभावित ग्रामों में संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रिय है। इस चरण में बोड़ला विकासखंड के 91 ग्राम, सहसपुर लोहारा के 16 ग्राम और पंडरिया के 1 ग्राम को शामिल किया गया है। इन ग्रामों में 50,000 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए तथा औषधियों की आपूर्ति, भंडारण और वितरण व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि जनहित का एक समर्पित प्रयास है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर जांच की जा रही है। इसके लिए मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्र पर्यवेक्षक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्व प्रशिक्षण दिया गया है। सभी व्यक्तियों की जांच त्वरित रोग पहचान किट के माध्यम से की जा रही है। मलेरिया की पुष्टि होने पर रोगियों को प्रकार अनुसार 3 एवं 14 दिनों तक निरीक्षण में रखा जाएगा और आवश्यकता अनुसार रक्त की परत की जांच की जाएगी। गंभीर रोगियों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला अस्पताल में भेजने की व्यवस्था की गई है। डॉ. बीएल राज ने जानकारी दी कि सभी फील्ड टीमों को उपचार पर्ची, पंजिका, जांच किट, स्टीकर तथा अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। मलेरिया की पुष्टि होने पर रोगी के घर को चिन्हित कर स्टीकर लगाया जा रहा है। साथ ही शीघ्र समाप्ति तिथि वाली दवाओं का प्राथमिकता से उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि औषधि समय पर वितरित की जा सके। औषधियों की आपूर्ति छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवा निगम के भंडार से की जा रही है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए गृहमंत्री के निर्देश पर टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा।

इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आस-पास किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि अथवा पहचान पर संदेह हो तो वे तुरंत टोल फ्री नम्बर 1800-233-1905 पर संपर्क करें। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सशक्त बनाए रखें।